**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) सदर अयोध्या।**
**सम्बन्धित प्रकीर्ण वाद संख्या – 78/2026**
**ललिता यादव एवं अन्य बनाम शान्ती देवी एवं अन्य**

**दिनांक– 30.05.2026**

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्रार्थिनीगण द्वारा वादपत्र अंतर्गत आदेश 32 सिविल प्रक्रिया संहिता प्रस्तुत किया गया। मुन्सरिम आख्या का अवलोकन किया गया। वादपत्र के उन्माद में वादिनी संख्या 2 तथा वादिनी संख्या 3 अवयस्क के तौर पर योजित किया गया है जिनकी संरक्षिका के तौर पर वादिनी संख्या 1 ललिता यादव पत्नी राम विलास यादव का उल्लेख है। वादपत्र के साथ प्रार्थना पत्र 3क अंतर्गत आदेश 32 सी०पी०सी० प्रस्तुत किया गया है। वादपत्र में वादिनी संख्या 1 ललिता यादव, वादिनी संख्या 2 तथा वादिनी संख्या 3 की वादार्थ संरक्षिका नियुक्त किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र 3क मय शपथ पत्र 4ग प्रस्तुत है जिसका प्रथमतः निस्तारण विधितः आवश्यक है।

**आदेश**

प्रार्थना पत्र 3क स्वीकार किया जाता है। पत्रावली मूलवाद में दर्ज रजिस्टर हो। पत्रावली वास्ते सुनवाई लंच बाद पेश हुई।

**(सत्य प्रकाश नारायण तिवारी)**
**सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सदर,**
**अयोध्या**

**लंच बाद**